# सेंट एंड्र्यूज़ स्कॉट्स स्कूल

**एडजेसेंट नवनीति अपार्टमेंट, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: २०२६-२०२७**

| कक्षा:पाँचवीं | विषय: हिंदी | पाठ:४ गुलीवर की विचित्र यात्रा |
|---|---|---|

**प्रस्तुत पाठ में से कोई १० कठिन शब्द चुनकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए ।**

**प्रश्नोत्तर**

**उ०१ समुद्र के किनारे जब गुलीवर जागा तब उसने महसूस किया कि कोई उसके पैरों पर रेंगते हुए उसकी छाती पर आकर खड़ा हुआ। उसने देखा कि वह एक बालिश्त लंबा आदमी था, थोड़ी ही देर में ऐसे सैंकड़ों आदमी उसके शरीर पर चढ़ आए थे।**

**उ०२-लिलीपुट के बादशाह ने गुलीवर को एक पुराने मंदिर में बंदी बनाया क्योंकि शहर में वही एक ऐसा स्थान था जिसमें गुलीवर झुक कर प्रवेश कर सकता था।**

**उ०३-लिलीपुट के लोगों और बादशाह ने गुलीवर की प्रशंसा इसलिए की क्योंकि गुलीवर खाड़ी में घुस गया और उसने वहाँ खड़े जहाजों को काँटों में फँसा लिया फिर उन्हें खींचते हुए लिलीपुट की खाड़ी की ओर चल पड़ा ब्लेफुस्कू के सैनिक तीर बरसाने लगे पर चश्मे और चमड़े के कोट के कारण उसका कुछ न बिगाड़ पाए।**

**उ०४-बादशाह ने गुलीवर को मुक्त करने के लिए दो शर्तें रखीं । पहली शर्त यह थी कि वह बादशाह की आज्ञा के बिना कहीं भी आ - जा नहीं सकेगा और दूसरी शर्त यह थी कि युद्ध के समय पर लिलीपुटवासियों की मदद करेगा।**

**उ०५- नहीं करवाया जाएगा।**

**रिक्त स्थान**

**१ एक बार वह दक्षिणी सागर से पूर्वी द्वीप समूह की ओर जा रहा था।**

**२-कुछ ही क्षणों में उन विचित्र प्राणियों ने तीर चलाना बंद कर दिया।**

**३-उन्होंने पानी से भरे हुए अनेक कनस्तर उसके मुँह में उड़ेल दिए।**

४-गुलीवर के भोजन करने से लिलीपुटवासियों की खाद्य सामग्री घटने लगी।

५-गुलीवर के अच्छे स्वभाव और व्यवहार से वहाँ के सभी लोग प्रसन्न थे।

नीचे दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर स्वयं वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

१-भीमकाय

२-खाद्य सामग्री

३-मुक्ति

४-शक्तिशाली